तापमान
अधिकतम 37.1 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, बुधवार 11 मार्च 2026



9 शीतला माता की पूजा कर सुख-शांति की कामना





10 भविष्य के गोहाना का खाका खींचेगी रैली : अरविंद




# जिले में बढ़ी गैस की किल्लत, ऑनलाइन भी नहीं हो रही बुकिंग, रसोई पर संकट

■ ईरान और इजराइल युद्ध के चलते हालात बिगड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

पश्चिम एशिया में ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते तनाव का असर अब वैश्विक पेट्रोलियम बाजार के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर भी दिखाई देने लगा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल और गैस आपूर्ति को लेकर बनी अनिश्चितता के बीच सोनीपत जिले में गैस सिलेंडरों की उपलब्धता प्रभावित होने लगी है। विशेष रूप से कमर्शियल गैस सिलेंडरों की सप्लाई पर असर पड़ा है, जबकि घरेलू गैस की आपूर्ति फिलहाल जारी है, लेकिन डिलीवरी में पहले की तुलना में अधिक समय लग रहा है। जिले में एलपीजी वितरण का बड़ा नेटवर्क है। घरेलू सिलेंडरों की ऑनलाइन बुकिंग भी नहीं हो पा रही है। गैस एजेंसियों की बात करें तो किसी भी एक गैस एजेंसी पर बुकिंग में भी लगभग आधा फर्क आ गया है।

## कालाबाजारी पर कड़ी कार्रवाई

घरेलू गैस को 25 दिन बाद रिफिल करने के निर्देश हैं। कमर्शियल गैस पर पाबंदी है। गैस एजेंसी संचालकों को निर्देश दिए गए हैं। उपभोक्ताओं को भी गैस का इस्तेमाल सावधनीपूर्वक करना चाहिये। गैस की कालाबाजारी को लेकर सख्त निर्देश दिए गए हैं। निर्देशों की पालना ना करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-विंशेल सहरावत
जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी, सोनीपत




## कमर्शियल सिलेंडरों की सप्लाई लगभग बंद

स्थानीय गैस एजेंसी संचालकों के अनुसार फिलहाल कमर्शियल सिलेंडरों की सप्लाई काफी प्रभावित है और कई स्थानों पर इसकी आपूर्ति लगभग बंद जैसी स्थिति में पहुंच गई है। इसका सीधा असर होटल, ढाबों, रेस्तरां और छोटे कारोबारियों पर पड़ रहा है, जो मुख्य रूप से कमर्शियल सिलेंडरों पर निर्भर हैं। वहीं घरेलू उपभोक्ताओं के लिए गैस सिलेंडरों की आपूर्ति जारी है, लेकिन डिलीवरी का अंतराल बढ़ गया है। पहले जहां बुकिंग के कुछ दिनों के भीतर सिलेंडर मिल जाता था, वहीं अब उपभोक्ताओं को पिछले सिलेंडर की डिलीवरी के लगभग 25 दिन बाद ही नया सिलेंडर मिल पा रहा है। इस वजह से कई परिवारों को गैस प्रबंधन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## जिले में तीस से ज्यादा गैस एजेंसी

यहां इंडेन, भारत गैस और एचपी गैस की मिलाकर लगभग 30 से 35 गैस एजेंसियां काम कर रही हैं। इनमें इंडेन की करीब 12, भारत गैस की 9 से 10 और एचपी गैस की लगभग 8 से 10 एजेंसियां शामिल हैं। इन एजेंसियों के माध्यम से जिले के करीब साढ़े तीन से चार लाख घरेलू उपभोक्ताओं तक गैस सिलेंडर पहुंचाए जाते हैं। इसके अलावा सोनीपत शहर, कुंडली और राई औद्योगिक क्षेत्र सहित कुछ विकसित कॉलोनियों में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की सुविधा भी उपलब्ध है, जहां लगभग 20 से 30 हजार घरेलू कनेक्शन बताए जाते हैं। वहीं उपभोक्ताओं का कहना है कि बढ़े हुए अंतराल के कारण उन्हें गैस के उपयोग में सावधानी बरतनी पड़ रही है। खासकर बड़े परिवारों और छोटे व्यवसाय चलाने वाले लोगों को अधिक परेशानी हो रही है। गैस एजेंसी संचालकों का कहना है कि फिलहाल घरेलू आपूर्ति को प्राथमिकता दी जा रही है।

# हादसे के बाद डंपर के कैबिन में फंसा चालक

### गैस कटर से कैबिन काटकर बाहर निकाला



खरखौदा। डंपर के केबिन में फंसे चालक को बाहर निकालते पुलिस कर्मचारी।

**खरखौदा।** नेशनल हाईवे - 334 बी पर घनी धुंध के चलते भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसा रोहणा गांव के शिव मंदिर के पास सुबह करीब सवा 7 बजे हुआ, जब आगे चल रहे एक डंपर चालक ने अचानक लापरवाही से यू-टर्न ले लिया। इसी दौरान पीछे से आ रहा रोड़ी से भरा डंपर उससे जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पीछे वाले डंपर का कैबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक प्रवीन (निवासी गढ़ी सिसाना) के दोनों पैर कैबिन में फंस गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही डायल-112 और स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद गैस कटर की मदद से डंपर का कैबिन काटकर चालक को बाहर निकाला गया। गंभीर रूप से घायल चालक प्रवीन को उपचार के लिए पीजीआई रोहतक भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## हत्या मामले में साक्ष्यों से छेड़छाड़ करने का आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** जिले के थाना सदर सोनीपत पुलिस ने युवक की पीट-पीटकर हत्या करने के मामले में संलिप्त एक और आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान धर्मबीर निवासी गांव कामी जिला सोनीपत के रूप में हुई है। युवक पर साक्ष्यों से छेड़छाड़ का आरोप है। आरोपित ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया था, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार 14 अप्रैल 2025 को गांव कामी निवासी एक महिला ने थाना सदर सोनीपत में शिकायत दर्ज कराई थी। महिला ने बताया कि 13 अप्रैल 2025 की शाम करीब पांच बजे नवीन पुत्र धर्मबीर और अजय पुत्र सुभाष उसके घर आए। उनके साथ उसका बेटा अंकित भी बाइक पर बैठा हुआ था। महिला के अनुसार घर के बाहर पहुंचते ही आरोपितों ने अंकित को बाइक से नीचे गिरा दिया और कहा कि उसे मार दिया है। जब उसने अपने बेटे को उठाने की कोशिश की तो वह मृत मिला। बाद में जानकारी मिली कि नवीन और प्रवीन सहित अन्य लोगों ने अंकित के साथ मारपीट की थी, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस इस मामले में पहले ही नौ आरोपितों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस ने आरोपी को जमानत पर रिहा कर दिया।

# चालक से मारपीट, पर्स छीनने का आरोप

**सोनीपत।** कंवाली मोड़ के पास कुछ युवकों एक चालक से मारपीट कर उसका पर्स छीन लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अकबरपुर निवासी अरुण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह ट्रांसपोर्ट की गाड़ी चलाता है। 9 मार्च की रात वह फतेहपुर गांव में विकास कुमार का सामान छोड़ने गया था। उसके साथ कंवाली गांव का उसका दोस्त विकास भी था। कंवाली में दोस्त को छोड़ने के बाद वह फतेहपुर के विकास के साथ वापस घर लौट रहा था। अरुण के अनुसार जब वह कंवाली मोड़ के पास एक ढाबे पर पानी लेने के लिए रुका तो वहां कुछ युवक शराब पी रहे थे। इसी दौरान उनमें से एक युवक की पहचान फतेहपुर के विकास के साथ हुई और दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। हालात बिगड़ते देख अरुण अपनी गाड़ी लेकर वहां से निकल गया। पीड़ित का आरोप है कि युवकों ने बाइक पर पीछा कर गाड़ी रुकवा ली और मारपीट की और जबरन ढाबे पर ले गए।

### रॉड से हमला किया

आरोप है कि युवकों ने उसे ढाबे पर ले जाकर चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी और उससे उसके दोस्त को फोन कर वापस बुलाने के लिए कहा। फोन न उठने पर एक युवक ने लोहे की रॉड से उस पर हमला कर दिया, जिससे वह बेहोश हो गया। कुछ समय बाद फतेहपुर का विकास अन्य लोगों के साथ मौके पर पहुंचा और उसे वहां से छुड़वाया। अरुण का कहना है कि हमलावरों ने उससे जबरन माफी मंगवाई और वीडियो भी बना लिया।

# बीएसएनएल के मुख्य टेलीफोन एक्सचेंज में चोरी, कंप्यूटर सहित सामान गायब

**सोनीपत।** शहर के राजेंद्र नगर स्थित बीएसएनएल के मुख्य टेलीफोन एक्सचेंज में चोरी की वारदात सामने आई है। चोर कार्यालय से कंप्यूटर सहित अन्य उपकरण चोरी कर ले गए। साथ ही एल्युमिनियम का दरवाजा भी उखाड़कर ले जाने की बात सामने आई है। शिकायत मिलने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बीएसएनएल अधिकारियों ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सोमवार को उन्हें सूचना मिली कि मुख्य टेलीफोन एक्सचेंज के एक कार्यालय का दरवाजा टूटा हुआ है। मौके पर पहुंचकर जांच की गई तो एजीएम (ट्रांसमिशन) कार्यालय के कमरा नंबर-9 में सामान बिखरा हुआ मिला। जांच के दौरान पता चला कि कमरे से कंप्यूटर, सीपीयू, एलसीडी मॉनिटर, मोडम, कीबोर्ड और माउस गायब हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पेटीएम हैक कर खाते से 1.20 लाख निकाले

**सोनीपत।** कालूपुर निवासी एक युवक के साथ साइबर ठगी का मामला सामने आया है। आरोप है कि अज्ञात साइबर ठगों ने उसका फोन हैक कर पेटीएम के माध्यम से उसके बैंक खातों से 1.20 लाख रुपये ट्रांसफर कर लिए। शिकायत के आधार पर शहर थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित अमित कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 2 मार्च को उसके मोबाइल फोन पर खाते से रुपये ट्रांसफर होने के कई संदेश आए। जब उसने बैंक खातों की जांच की तो पता चला कि पेटीएम के माध्यम से उसके एक्सिस बैंक और एचडीएफसी बैंक के खातों से कुल 1.20 लाख रुपये किसी अज्ञात खाते में भेज दिए गए हैं।

### साइबर थाने में शिकायत, जांच शुरू

अमित के अनुसार, अपने स्तर पर जानकारी जुटाने पर पता चला कि उसका पेटीएम अकाउंट हैक कर इस ठगी को अंजाम दिया गया है। इसके बाद उसने तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। मामले की प्रारंभिक जांच के बाद शहर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस का कहना है कि ट्रांजेक्शन से जुड़ी जानकारी और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर ठगों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है और जल्द ही मामले का खुलासा करने का प्रयास किया जाएगा।






# धुरंधर 2 का नया पोस्टर जारी ईश्वर के प्रकोप का दिया संकेत

**मुंबई।** रणवीर सिंह की एक्शन थ्रिलर फिल्म 'धुरंधर 2' का एक नया पोस्टर जारी हो चुका है। फैंस पोस्टर में रणवीर सिंह के दोनों लुक को लेकर काफी उत्सुक हैं। 'धुरंधर 2' के नए पोस्टर में रणवीर सिंह दो अलग-अलग किरदारों में दिख रहे हैं- जसकिरत सिंह रंगी और हमजा अली मजारी। उन्होंने पोस्टर के साथ कैप्शन में लिखा, 'ईश्वर का प्रकोप आ रहा है'। फिल्म के पोस्टर को देखने के बाद फैंस काफी उत्साहित हैं। फैंस 'धुरंधर 2' में रणवीर सिंह के लुक को देखकर बहुत खुश हैं। सोशल मीडिया पर लोग तारीफ कर रहे हैं और फिल्म का इंतजार कर रहे हैं।

लाइफ Style



# अनीत

## बायोपिक में कास्टिंग की खबरें बेबुनियाद

लेजेंडरी एक्ट्रेस मधुबाला की बायोपिक की चर्चा काफी लंबे समय से चल रही है। हाल ही खबर आई कि इसमें मधुबाला का किरदार 'सैयारा' एक्ट्रेस अनीत पड्डा निभाएंगी, पर ऐसा नहीं है। अब इंडस्ट्री के सूत्रों ने इन खबरों को पूरी तरह गलत बताया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अनीत पड्डा फिल्म में मधुबाला का किरदार नहीं निभाएंगी। एक सोर्स ने साफ किया कि अनीत पड्डा का नाम मधुबाला बायोपिक से जोड़ना एकदम गलत है। सोर्स ने कहा कि अनीत पड्डा को लेकर जो भी खबरें उड़ रही हैं, उनमें रत्ती भर भी सच्चाई नहीं है। ये दावे पूरी तरह से बेबुनियाद हैं। मधुबाला भारतीय सिनेमा का एक बहुत बड़ा नाम हैं, इसलिए इन अफवाहों ने फिल्म प्रेमियों के बीच काफी हलचल मचा दी थी। पर सोर्स ने फिर से जोर देकर कहा कि अनीत पड्डा के प्रोजेक्ट (मधुबाला की बायोपिक) से जुड़ने की बात सिर्फ एक अफवाह है और फिलहाल ऐसा कुछ भी नहीं हो रहा है। इससे पहले खबरें आई थीं कि मधुबाला की बायोपिक में कियारा आडवाणी दिवंगत एक्ट्रेस का किरदार निभाएंगी, पर वो खबरें भी अफवाह साबित हुईं। अनीत पड्डा की बात करें, तो उन्होंने साल 2022 में फिल्म 'सलाम वेंकी' से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी, पर स्टारडम 2025 में रिलीज हुई 'सैयारा' से मिला। अब अनीत पड्डा फिल्म 'शक्ति शालिनी' में नजर आएंगी। फिल्म में 'होमबाउंड' फेम विशाल जेठवा भी हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह दिसंबर 2026 में रिलीज हो सकती है।

## हॉलीवुड मसाला



# पति बेनी को दी जन्मदिन की बधाई

**लॉस एंजिल्स।** सेलेना गोमेज ने अपने पति बेनी ब्लैंको के जन्मदिन पर खास शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सोशल मीडिया पर कुछ अनदेखी शानदार तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें उनकी शादी के पल और निजी जीवन की झलक दिखाई दी। सेलेना ने अपनी इस पोस्ट में शादी की कई रोमांटिक फोटोज शेयर कीं। इस पोस्ट के साथ सेलेना ने कैप्शन में पति बेनी ब्लैंको को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए लिखा, 'जन्मदिन मुबारक हो मेरे प्यार। मैं तुम्हें पूरे दिल से प्यार करती हूं।'



# डॉल्बी थिएटर में होगा 98वां ऑस्कर अवॉर्ड समारोह...

**लॉस एंजिल्स।** कुछ ही दिनों में ऑस्कर 2026 का आयोजन होने वाला है और अब इसे लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। इस साल का कार्यक्रम और ज्यादा खास होने वाला है, क्योंकि इसे कोनन ओ'ब्रायन होस्ट करने वाले हैं। इस प्रतिष्ठित अवॉर्ड समारोह में प्रियंका चोपड़ा भी शामिल होने वाली हैं। 98वां अकादमी अवॉर्ड समारोह 15 मार्च को हॉलीवुड के लॉस एंजेलिस स्थित मशहूर डॉल्बी थिएटर में आयोजित किया जाएगा। हर साल की तरह इस बार भी दुनियाभर की फिल्म इंडस्ट्री की नजरें इस प्रतिष्ठित अवॉर्ड समारोह पर टिकी हुई हैं। भारत में टाइम डिफरेंस की वजह से दर्शक इस समारोह को 16 मार्च की सुबह लगभग 4:30 बजे से देख सकेंगे। आप जियो हॉटस्टार ऐप और वेबसाइट पर सुबह 4:30 बजे से इसकी लाइव स्ट्रीमिंग देख सकते हैं।



# है जवानी तो इश्क... की रिलीज डेट बदली

**मुंबई।** डेविड धवन द्वारा निर्देशित फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' में वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े सहित कई कलाकार नजर आएंगे। इस रोमांटिक-कॉमेडी ड्रामा फिल्म की रिलीज का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस पोस्ट के हिसाब से 'है जवानी तो इश्क होना है' अब 5 जून की जगह 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। निर्माताओं ने एक आधिकारिक बयान में लिखा, 'हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' मूल रूप से 5 जून को रिलीज होने वाली थी, जिसकी घोषणा हमने कई महीने पहले की थी। इस महीने की शुरुआत में, यश अभिनीत फिल्म 'टॉक्सिक' के निर्माताओं ने फिल्म की नई रिलीज तारीख की घोषणा की। 'टॉक्सिकः ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स' पहले 19 मार्च को रिलीज होने वाली थी।



# लाहौर 1947 का नहीं बदला टाइटल...

**मुंबई।** राजकुमार संतोषी की फिल्म 'लाहौर 1947' के टाइटल को लेकर फिर से नया अपडेट सामने आया है। पहले खबर थी कि इसका नाम बदलकर 'बंटवारा 1947' कर दिया गया है लेकिन, ऐसा नहीं है और इसकी पुष्टि आमिर खान ने की है। सनी देओल के फैंस 'बॉर्डर 2' के बाद उनकी अगली और चर्चित फिल्म 'लाहौर 1947' की रिलाज का इंतजार कर रहे हैं, जिसे राजकुमार संतोषी ने डायरेक्ट किया है और आमिर खान प्रोडक्शन में बनी है। इस मूवी के टाइटल को लेकर बीच में अपडेट आया था कि उसे बदल दिया गया और उसका नया नाम 'बंटवारा 1947' कर दिया गया है। लेकिन, प्रोड्यूसर ने इस दावे को सिरे से खारिज किया है। आमिर खान से जब फिल्म 'लाहौर 1947' के टाइटल में बदलाव के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, 'ये आपने कहां सुना?

## टीवी मसाला



# कुछ इंट्रेस्टिंग होगा तो जरूर अनुपमा में करूंगा वापसी

**नई दिल्ली।** अनुपमा में अनुज की भूमिका निभाकर पॉपुलैरिटी हासिल करने वाले गौरव खन्ना किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। गौरव को इस शो में इतना पसंद किया गया कि फैंस उनकी वापसी का इंतजार कर रहे हैं। स्टार प्लस के शो अनुपमा में अनुज का कैरेक्टर बहुत ही मजबूत तरीके से दिखाया गया था। इस शो में दर्शकों ने अनुज के कैरेक्टर को इतना पसंद किया कि गौरव खन्ना हर किसी के फेवरेट बन गए। इस शो का हिस्सा बनने के बाद गौरव खन्ना को बिग बॉस 19 में देखा गया। इस शो के वो विनर बने. उसके बाद से फैंस को लगने लगा कि बिग बॉस के बाद गौरव खन्ना अब अनुपमा में वापसी करेंगे। अब गौरव खन्ना ने खुद इस बात को कंफर्म कर दिया है कि वो इस शो का हिस्सा बनेंगे या नहीं। एक इंटरव्यू में जब गौरव खन्ना से पूछा गया कि क्या वो फिर से अनुपमा में अनुज के तौर पर वापसी करेंगे। ऐसे में गौरव खन्ना ने जो जवाब दिया वो काफी मजेदार था। गौरव खन्ना ने कहा,'आप गलत इंसान से इस बारे में पूछ रहे हैं। क्योंकि, अनुपमा में वापसी करना मेरे हाथ में नहीं है। ये हमारे प्रोड्यूसर राजन शाही और चैनल स्टार प्लस पर डिपेंड करता है। अगर स्टोरी में मेरे लिए कुछ इंट्रेस्टिंग होगा तो मैं जरूर वापस आऊंगा। लेकिन, अगर ट्रैक एक्साइटिंग नहीं है तो मैं वापस नहीं आऊंगा।

## गुस्सा जायज है, घाव गहरे थे

**नई दिल्ली।** निक्की तंबोली कुछ दिन पहले ही रियलिटी 'द 50' से बाहर हुईं। हाल ही में उनके बॉयफ्रेंड अरबाज पटेल भी शो से बाहर हो गए। अब शो में कुछ इंफ्लुएंसर, टीवी आर्टिस्ट बाकी रह गए हैं। अपनी हालिया पोस्ट में



बिना किसी का नाम लिए निक्की तंबोली ने 'द 50' के कुछ प्रतियोगियों पर निशाना साधा है। निकी तंबोली ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी पोस्ट की है। इसमें वह लिखती हैं, 'मेरी पोस्ट पर फेक कमेंट्स करवाने से ज्यादा मेहनत अगर अपनी लाइफ पर करते तो शायद कोलेबोरेशंस से जिंदगी नहीं चलती। मेरी पोस्ट पर फेक कमेंट्स खरीदने से अच्छा है, अपनी रिस्पेक्ट खरीद लो। शायद ज्यादा काम आ जाए।' वह आगे लिखती हैं, 'गुस्सा जायज है। घाव गहरे थे।' निक्की तंबोली ने अपनी पोस्ट में किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन सोशल मीडिया यूजर्स का मानना है कि वह टीवी एक्टर प्रिंस नरुला और टीवी पर्सनालिटी शिव ठाकरे पर निशाना साध रही हैं। यह दोनों इस वक्त 'द 50' शो का हिस्सा हैं। जब निक्की और उनका बॉयफ्रेंड शो में थे तो शिव ठाकरे और प्रिंस नरुला से कई बार झगड़ा हुआ। 'द 50' शो में विनर बनने की दौड़ में शिव ठाकरे आगे दिख रहे हैं।

# पद्मा कभी अमिताभ की बनी थीं हीरोइन खूब चलाया था कैबरे डांस का जादू ...

*नई दिल्ली। भोजपुरी फिल्मों से अपना फिल्मी सफर शुरू करने वालीं पद्मा खन्ना ने अमिताभ बच्चन के साथ 'सजना है मुझे सजना के लिए' और देवा आनंद के गाने 'हुस्न के लाखों रंग' में नजर आईं। फिल्मी और टीवी की दुनिया में कुछ कलाकार ऐसे हैं जो अपने नाम से अधिक अपने किरदार की वजह से जाने जाते हैं। ऐसे ही कलाकारों की लिस्ट में एक नाम पद्मा खन्ना का रहा है जो टीवी के लोकप्रिय धारावाहिक 'रामायण' में रानी कैकेयी के किरदार से घर-घर में पहचानी जाती थीं। 70 और 80 के दशक में खन्ना अपनी खूबसूरती, डांस और एक्टिंग से लोगों के दिलों में खास जगह बनाई थी। शायद बहुत कम लोगों को ये पता हो कि उनके फिल्मी सफर की शुरुआत के पीछे की वजह मशहूर एक्ट्रेस वैजयंती माला थीं, जिन्होंने पद्मा का डांस देखकर उन्हें फिल्मों में किस्मत आजमाने की सलाह दी थी। एक्ट्रेस से मिली यही छोटी सी सलाह आगे चलकर उनके जीवन का बड़ा मोड़ साबित हुई।*



### अमिताभ के साथ 'सजना है मुझे सजना के लिए' गाना

पद्मा खन्ना के करियर का एक और अहम पड़ाव फिल्म 'सौदागर' रही, जिसमें वह महानायक अमिताभ बच्चन के साथ नजर आईं। इस फिल्म का गाना 'सजना है मुझे सजना के लिए' उस दौर का बेहद लोकप्रिय गाना बना। धीरे-धीरे वह हिंदी और भोजपुरी दोनों फिल्म इंडस्ट्री में एक जानी-मानी एक्ट्रेस बन गईं और अपने डांस के लिए खास तौर पर पहचानी जाने लगीं।

### 'गंगा मैया तोहे पियरी चढ़इबो' से शुरुआत

पद्मा खन्ना ने अपने अभिनय कॅरियर की शुरुआत भोजपुरी फिल्म 'गंगा मैया तोहे पियरी चढ़इबो' से की। उस समय उनकी उम्र लगभग 14 साल थी। यह फिल्म भोजपुरी सिनेमा की लोकप्रिय फिल्मों में गिनी जाती है। इसके बाद उन्होंने कई भोजपुरी फिल्मों में काम किया और धीरे-धीरे इस इंडस्ट्री में अपनी पहचान बना ली। 'बिदेसिया', 'बलम परदेसिया', 'धरती मइया', और 'भैया दूज' जैसी फिल्मों में उनके काम को काफी पसंद किया गया।

# ताहिर ने पूरी की अनाम फिल्म की शूटिंग, साझा की तस्वीरें...

**मुंबई।** ताहिर राज भसीन जल्द ही एक नई फिल्म में नजर आएंगे। अभिनेता ने फिल्म की शूटिंग पूरी करने पर कई तस्वीरें साझा की हैं। अभिनेता ताहिर राज भसीन ने अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। यह विक्रम फडनिस के निर्देशन में बना प्रोजेक्ट है। हालांकि, अभी तक इस फिल्म का नाम सामने नहीं आया है। अभिनेता ने अपनी शूटिंग पूरी करने के बाद सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें साझा की हैं। साथ ही एक लंबा नोट भी लिखा है। ताहिर राज भसीन ने शूटिंग पूरी करने के बाद इंस्टाग्राम पर शूटिंग से जुड़ी कई तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों में ताहिर अपने किरदार में और कुछ अहम सीन की शूटिंग करते नजर आ रहे हैं। अभिनेता ने अपनी टीम के साथ बिताए मजेदार पलों की भी झलक प्रशंसकों के साथ साझा की। उन्होंने शूटिंग के बीच आराम करते और एक-दूसरे के साथ समय बिताते हुए कलाकारों और क्रू की तस्वीरें पोस्ट कीं। तस्वीरों में फिल्म की बाकी कास्ट सयामी खेर और विनीत कुमार सिंह भी



नजर आ रहे हैं। तस्वीरें साझा करते हुए ताहिर ने प्रोजेक्ट के पूरा होने पर एक भावुक संदेश भी लिखा। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'शूटिंग पूरी हो गई। यह एक शानदार सफर रहा। विक्रम फडनिस आपका धन्यवाद जिन्होंने एक दिल को छू लेने वाला किरदार लिखा और निर्देशित किया, जिसे निभाना मेरे लिए बेहद सुखद अनुभव रहा। आपकी इस मेहनत से बनी फिल्म को दुनिया के साथ साझा करने का बेसब्री से इंतजार है। ओजाजय, लेंस के जादूगर हैं। हर दिन अपनी उत्कृष्टता लाने और कलात्मकता के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए धन्यवाद। हद से

## हम घास की गठरियों पर आराम करते थे : सुप्रिया

# 80 के दशक में न वॉशरूम होते थे, और न ही वैनिटी वैन

*नई दिल्ली। 'खिचड़ी' एक्ट्रेस सुप्रिया पाठक ने 80 के दौर के फिल्म सेट की कहानी सुनाई और बताया कि तब वॉशरूम, वैनिटी वैन या आराम करने के लिए उचित जगह जैसी बुनियादी सुविधाओं का भी कैसा अभाव रहा करता था। शाहिद कपूर की सौतेली मां सुप्रिया पाठक ने 'मिर्च मसाला' की शूटिंग के दौरान का एक किस्सा सुनाया। इस फिल्म की शूटिंग के लिए मिर्च फैक्ट्री में बिताए अपने अनुभव को शेयर किया और बताया कि कैसे एक दर्जन महिलाएं वहां घास और भूसे के गठरियों पर आराम करती थीं। हालांकि, 'खिचड़ी' एक्ट्रेस ने कहा कि इस तरह के माहौल में काम करने के पीछे की वजह एक्टर्स का जुनून होता था।*

### 80 से 90 के दशक में कैसा होता था फिल्मों का सेट

बातचीत में सुप्रिया ने 80 से 90 के दशक में फिल्म इंडस्ट्री को लेकर बातें करते हुए बताया कि तब कैसे एक्टर्स वैनिटी वैन के बिना काम करते थे। उन्होंने कहा, 'जो जुनून था हमारे अंदर एक्टिंग का या किरदार बनाने का, उसकी वजह से बाकी सारी चीजों की अहमियत कम लगती थीं। पर धीरे-धीरे एहसास हुआ कि नहीं, ये भी जरूरी है।'

### बाथरूम की सुविधा होनी चाहिए

उन्होंने अपनी बात रखते हुए कहा, 'आपको कोई एक बैठने की जगह चाहिए और खासकर महिलाओं के लिए, आपको एक बाथरूम की सुविधा होनी चाहिए। मतलब मैं आज भी कहती हूं कि कितनी जगहों पर हम शूट करने जाते जहां बाथरूम भी मुहैया नहीं कराया जाता या होता ही नहीं था। कई जगहों पर जहां हम शूटिंग करते, बाथरूम जैसी बुनियादी सुविधाएं या तो उपलब्ध नहीं कराई जाती या होती ही नहीं थी।' मैं आज भी कहती हूं कि कितनी जगहों पर हम शूट करने जाते जहां बाथरूम भी मुहैया नहीं कराया जाता या होता ही नहीं था। कई जगहों पर जहां हम शूटिंग करते, बाथरूम जैसी बुनियादी सुविधाएं भी नहीं होती थीं।





### घास के बड़े-बड़े बंडल पर हम पूरे दिन बैठते थे

सुप्रिया पाठक ने कहा, 'मैंने एक फिल्म की थी मिर्च मसाला, जिसे केतन मेहता जी ने डायरेक्ट किया था। उसमें हम सारी औरतें थीं, करीब 10 महिलाएं थीं। तब हम मिर्ची की फैक्ट्री में शूट कर रहे थे। वो एक छोटा सा गांव था और वहां बेतहाशा गर्मी थी। वहां पीछे एक शेड जैसा था जहां घास रखे हुए थे। शायद मिर्ची को साफ करने का कोई प्रोसेस वहां होता था। तो बड़े-बड़े बंडल बनाकर रख दिए थे और हम पूरे दिन उसी पर बैठते थे।'

### कुछ भी करके बैठ जाते थे

पाठक ने कहा, 'एक एक्टर के लिए जैसे हमारे वहां स्पॉट बॉय होते थे, चाय लाना, अगर आप सर्दी में शूट कर रहे हो, कहीं भी शूट कर रहे हो तो बुनियादी सुविधाएं तो चाहिए ही। खाना, पानी, चाय, ये सब बेसिक चीजें जरूरी होती हैं। फिर मुझे लगता है कि धीरे-धीरे ये सारे बदलाव होंगे। हमारी इंडस्ट्री में आने लगे। आज शूटिंग करना काफी कंफर्टेबल होगा, चाहे आप कहीं भी हों। पहले के टाइम से काफी अलग है। हमारा वक्त तो हम सचमुच कहीं भी, कुछ भी करके बैठ जाते थे। '

### बाजार व राम-लीला के लिए मिले थे अवॉर्ड

बताते चलें की सुप्रिया पाठक ने अपनी मां दीना पाठक के साथ थिएटर से एक्टिंग की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने 'कलयुग' (1981) से फिल्मों में कदम रखा। पाठक को 'बाजार' (1982) और 'राम-लीला' (2013) के लिए अवॉर्ड भी मिले। उन्होंने 'मासूम' और 'मिर्च मसाला' जैसी फिल्मों, 'खिचड़ी' (हंसा के रूप में) और 'साराभाई वर्सेस साराभाई' जैसे टीवी शो में भी जानदार एक्टिंग की। इन सबके अलावा पाठक ने 'सरकार', 'वेक अप सिड', 'रेड 2' और 'खिचड़ी 2' में भी काम किया। एक्टिंग के अलावा सुप्रिया अपने पति पंकज कपूर के साथ एक प्रोडक्शन हाउस चलाती हैं।

**खबर संक्षेप**

### सेवा समिति का स्थापना दिवस 15 मार्च को

**गन्नौर।** गांव राजपुर स्थित गोशाला सेवा समिति द्वारा गोशाला के स्थापना दिवस एवं वार्षिक समारोह का आयोजन 15 मार्च रविवार को किया जाएगा। कार्यक्रम गोशाला परिसर में आयोजित होगा, जिसमें हवन-यज्ञ, भंडारा तथा हरियाणवी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। समिति के सदस्यों ने बताया कि हवन-यज्ञ , भंडारे व हरियाणवी सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

### शिविर में 37 लोगों ने किया रक्तदान

**गोहाना।** गांव सलीमसर माजरा स्थित माता शीतला मंदिर में मंगलवार को रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर माता शीतला मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा आयोजित किया गया जिसमें 2 महिलाओं समेत 37 नागरिकों ने रक्तदान का पुण्य कमाया।
शिविर के मुख्य अतिथि सरपंच राजेश कुमार उर्फ बिट्टू थे जिन्होंने 15वीं बार रक्तदान किया। अध्यक्षता ठेकेदार सोनू ने की। संयोजन वीरेंद्र गहलावत का रहा जिन्होंने 15वीं बार रक्तदान किया। आयोजन समिति में सतीश गहलावत, विनोद गहलावत रहे।

### नगर निगम ने आईटीआई बूस्टर में लगाया विशेष शिविर,9 लोगों ने जमा करवाए दस्तावेज

# पेयजल-सीवर कनेक्शन वैध कराने को 1285 लोगों ने दिए आवेदन

निगम के विभिन्न वार्डों में वैध कनेक्शन की संख्या करीब 53000, जबकि अवैध कनेक्शन 70000 के पार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

शहर में नगर निगम के अंतर्गत आने वाले विभिन्न वार्डों में पेयजल व सीवर कनेक्शन को वैध कराने की प्रक्रिया करीब दो माह से जारी है। अब तक 1285 लोगों ने अपने कनेक्शन वैध करवाने के लिए निगम कर्मचारियों को अपने आवेदन जमा करवाए हैं। नगर निगम ने मंगलवार को आईटीआई बूस्टर में विशेष शिविर लगाया। शिविर में 9 लोगों के पेयजल व सीवर कनेक्शन वैध कराने के लिए दस्तावेज जमा किए गए।

निगम अधिकारियों ने बताया कि शिविर के माध्यम से लोगों के दस्तावेज जमा किए जा रहे हैं। अब तक निगम को 1285 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। इसके बाद लोगों को फाइल नंबर मोबाइल पर मुहैया करवाकर नगर निगम कार्यालय में फीस जमा करवाने के लिए बुलाया जाएगा। शिविर के माध्यम से लोग 1550 रुपये खर्च कर अपने कनेक्शनों को वैध की श्रेणी में शामिल कर सकते हैं। निगम ने पेयजल कनेक्शन वैध करवाने के लिए 1050 रुपये व सीवर कनेक्शन वैध करवाने के लिए 500 रुपये शुल्क तय किया है।



सोनीपत। आईटीआई बूस्टर में शिविर के दौरान नगर निगम कर्मचारियों को दस्तावेज जमा करवाते लोग। *फोटो : हरिभूमि*

#### वैध कनेक्शन के लिए आवश्यक दस्तावेज

- घर की रजिस्ट्री
- प्रॉपर्टी आईडी बिल
- पानी का मीटर (जीएसटी बिल सहित)
- पानी के मीटर की फोटो
- आधार कार्ड की प्रति
- एक पासपोर्ट साइज फोटो

#### वैध कनेक्शन से ज्यादा है अवैध कनेक्शन की संख्या

नगर निगम के विभिन्न वार्डों में अवैध कनेक्शनों का आकड़ा वैध कनेक्शनों पर भारी है। अधिकारियों की मानें तो निगम क्षेत्र में वैध कनेक्शन की संख्या करीब 53000 है, जबकि अवैध कनेक्शनों का आकड़ा 70000 के पार है। इनमें अवैध कनेक्शनों की संख्या ज्यादा नगर निगम के पश्चिम क्षेत्र रेलवे लाइन पार में है। ऐसे में लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं नगर निगम ने लोगों को अपने पेयजल व सीवर कनेक्शन वैध करवाने के लिए सुनहरा अवसर दिया है। अगर फिर भी लोग मामले में लापरवाही बरतते हैं तो शिविर के बाद ऐसे लोगों के कनेक्शन काटने की कार्यवाही शुरू की जाएगी।

#### कनेक्शन वैध करवाने का मौका दिया जा रहा

नगर निगम क्षेत्र में काफी संख्या में पेयजल व सीवर के अवैध कनेक्शन है। फिलहाल विशेष शिविर लगाकर लोगों को अपने कनेक्शन वैध करवाने का मौका दिया गया है। अगर इस अवसर के बाद भी कोई व्यक्ति लापरवाही के चलते अपने पेयजल व सीवर संबंधी कनेक्शन वैध नहीं करवाता है, तो शिविर के पश्चात ऐसे लोगों के कनेक्शन काटने की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। लोगों से अपील है कि वह नगर निगम की इस योजना का लाभ अवश्य उठाएं।

**-हर्षित कुमार, आयुक्त, नगर निगम**

**न्यूज डायरी**





### अमेरिका व इजराइल के राष्ट्रपति का पुतला फूंका

**सोनीपत।** संयुक्त किसान मोर्चा व केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर अमेरिकी साम्राज्यवाद व इजरायल के राष्ट्रपति का पुतला दहन किया गया। सभी संगठनों के कार्यकर्ता पंचायत घर सोनीपत में इकट्ठा हुए। वहां से प्रदर्शन करते हुए लघु सचिवालय पहुंचे। जहां पर अमेरिकी व इजरायली राष्ट्रपति का पुतला दहन किया गया। रास्ते में कार्यकर्ता नारे लगा रहे थे।
विरोध प्रदर्शन में भारतीय किसान यूनियन से रविंद्र व सत्यवान, भारतीय किसान यूनियन टिकैत से राजकुमार राणा व राज सिंह दलाल, ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन से जयकरण, सुरेंद्र छिक्कारा आदि मौजूद रहे।



### बिजली कर्मचारियों ने 3 घंटे किया प्रदर्शन

**गोहाना।** ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन से जुड़े कर्मचारियों ने नेशनल को-आर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर व इलेक्ट्रिसिटी एम्पलाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया के आह्वान पर मंगलवार को 3 घंटे धरना देकर प्रदर्शन किया। अध्यक्षता यूनिट सचिव सोहन शर्मा व संचालन सब यूनिट सचिव जितेंद्र शर्मा ने किया। यह प्रदर्शन बिजली संशोधन बिलः 2025 को रद्द करवाने के लिए किया गया। इस अवसर पर मनजीत, रामधन, सत्यवान, सुनील चहल, वीरेंद्र चोपड़ा, पवन, साजन, रॉबिन, अनिल, नरेंद्र और जय भगवान आदि कर्मचारी मौजूद रहे



गन्नौर। भारतीय किसान यूनियन (अ) के पदाधिकारी बैठक में भाग लेते हुए।

### किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (अ) की बैठक, कई मुद्दों पर की चर्चा

गन्नौर। भारतीय किसान यूनियन (अ) की मासिक बैठक मंगलवार को जाट धर्मशाला में ब्लॉक अध्यक्ष बलजीत सिंह मलिक की अध्यक्षता में हुई। बैठक में किसानों ने खेती से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। बैठक के दौरान किसान नेता जय भगवान मालिक ने बताया कि सरकार द्वारा लागू किए गए रेड जोन कानून का संगठन विरोध करता है। किसानों ने मांग की कि यदि इस कानून को जल्द वापस नहीं लिया गया तो भारतीय किसान यूनियन (अ) के बैनर तले 23 मार्च को पिपली में एक बड़ी रैली आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रदेश भर के किसान हिस्सा लेंगे। बैठक में अगवानपुर फाटक के पास बन रहे रेलवे अंडर पास व फ्लाई ओवर निर्माण का कार्य लंबे समय से अधूरा पड़े होने का मुद्दा भी उठाया गया।ब्लॉक अध्यक्ष बलजीत सिंह मलिक ने बताया कि अप्रैल महीने से मंडियों में गेहूं और अन्य अनाज की आवक शुरू हो जाएगी, इसलिए मंडियों में साफ-सफाई और आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित की जानी चाहिए। इस अवसर पर जगवीर, बलजीत, रंगलाल, रामधन, रोहतास, राजसिंह आदि रहे।

## भवन के अभाव और शिक्षकों की कमी से परेशान गन्नौर का सरकारी कालेज, सीमित संसाधनों में चल रही पढ़ाई

- लगभग 350 विद्यार्थी यहां बीए और बीकाम की पढ़ाई कर रहे
- नियमित शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हो होने से अधर में भविष्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गन्नौर

गन्नौर क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए स्थापित राजकीय महाविद्यालय अभी तक अपने स्वयं के भवन से वंचित है। आने वाले शैक्षणिक सत्र में भी कालेज को अस्थायी स्थान से ही संचालित करना पड़ेगा। कालेज भवन के निर्माण को लेकर लंबे समय से चर्चा चल रही है, लेकिन जमीन तय न होने के कारण काम आगे नहीं बढ़ पाया है। महाविद्यालय में पढ़ाई की व्यवस्था भी सीमित स्टाफ के सहारे चल रही है। लगभग 350 विद्यार्थी यहां बीए और बीकाम की पढ़ाई कर रहे हैं, लेकिन नियमित शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हो पाई है। फिलहाल विभिन्न कालेजों के 12 प्राध्यापक तय दिनों में यहां आकर कक्षाएं लेते हैं। ये शिक्षक खरखौदा, मुरथल, गोहाना, बरोटा और मोहाना के कालेजों से संबद्ध हैं। अर्थशास्त्र विषय की प्राध्यापिका ही ऐसी हैं जो सप्ताह में पूरे दिन कालेज में उपस्थित रहती हैं। इसके अलावा खेल गतिविधियों के लिए फिजिकल एजुकेशन का भी कोई शिक्षक नहीं है। महाविद्यालय फिलहाल शहर के एक सरकारी स्कूल परिसर के पांच कमरों में चल रहा है। इनमें से एक कमरा स्टाफ के उपयोग के लिए रखा गया है, जबकि बाकी कमरों में अलग-अलग कक्षाओं के विद्यार्थी बैठते हैं। जगह की कमी के कारण बीकाम के तीनों वर्ष के छात्रों को एक ही कक्ष में पढ़ाया जाता है, जिससे कई बार विद्यार्थियों को अपनी कक्षा शुरू होने तक बाहर इंतजार करना पड़ता है। छात्रों का कहना है कि कालेज में बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है। कई जगह बैंच क्षतिग्रस्त हैं और पीने के पानी की उचित व्यवस्था भी नहीं है। इसके अलावा कालेज में सांस्कृतिक कार्यक्रमों और खेल गतिविधियों का आयोजन भी नहीं हो पाता, जिससे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर असर पड़ रहा है। प्राचार्य सूरज प्रकाश यादव का कहना है कि स्टाफ की कमी और भवन निर्माण से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए उच्च शिक्षा विभाग को कई बार पत्र भेजे जा चुके हैं, लेकिन अभी तक स्थिति में कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ है।



गन्नौर। राजकीय महाविद्यालय में अपनी कक्षा शुरू होने के इंतजार में खड़े बीकाम के छात्र।



### सर्कल स्तरीय स्पर्धा में कंवाली की रीना पुरस्कृत

**खरखौदा।** महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी नीलम के मार्गदर्शन व सुपरवाइजर पूजा खरब की अध्यक्षता में गांव रोहट में सर्कल स्तरीय सर्वोत्तम माता पुरस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें संबंधित सर्कल के सभी गांवों से पहुंची योग्य महिलाओं ने भाग लिया। पहले पहल प्रतिभागी महिलाओं का साक्षात्कार लिया गया और उनके दस्तावेजों की जांच की गई। जिसके आधार पर सुपरवाइजर पूजा खरब द्वारा प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाली माताओं का चयन किया। घोषित परिणाम के अनुसार रीना पत्नी सुमित कंवाली को प्रथम, आरती पत्नी दीक्षित रोहट को द्वितीय व सुषमा पत्नी अमित रोहट को तृतीय स्थान मिला। इस मौके पर आंगनबाड़ी वर्कर गीता, कृष्णा, राजबाला, नमिता, सुशीला, निर्मला, पुष्पा,सरोज,संतोष, सुनील,शर्मिता, अनीता आदि मौजूद रही।



### वैभव को बधाई देने पहुंचे उत्थान समिति के पदाधिकारी

सोनीपत। आज ब्राह्मण उत्थान समिति के अध्यक्ष मुकेश शर्मा टीम सहित पंडित जय भगवान शर्मा एडवोकेट रामनगर निवासी सोनीपत के निवास स्थान पर पहुंचे। यहां पहुंच कर उन्होंने उनके पुत्र वैभव भारद्वाज को यूपीएससी में 344 में रैंक प्राप्त होने पर बधाई और आशीर्वाद दिया। इस मौके पर मास्टर भगवान सिंह पाई वाले, राजेंद्र गौतम, विनोद मरीचि, शशिकांत भारद्वाज, जय भगवान भारद्वाज, रविंद्र पाराशर आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## बेस्ट आउट ऑफ द वेस्ट स्पर्धा में अनुराधा और खुशबू संयुक्त रूप से बनीं विजेता

- यूथ फोर माई भारत और डिजिटल लिट्रेसी थीम पर सात दिवसीय आवासीय शिविर शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

यूथ फोर माई भारत और डिजिटल लिट्रेसी थीम पर गांव ठरू में आयोजित जीवीएम गर्ल्स कालेज के सात दिवसीय आवासीय शिविर का आगाज हुआ। प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह व सरपंच सरोजबाला ने रिबन काटकर शिविर का शुभारंभ करते हुए शिविरार्थियों को शुभकामनाएं दी। इस दौरान संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी ने भी शुभकामनाएं देते हुए स्वयंसेविकाओं को शिविर का अधिकाधिक लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। जीवीएम की एनएसएस इकाई की कार्यक्रम अधिकारी रूचिका विरमानी के नेतृत्व में आयोजित शिविर का उद्घाटन सत्र समाज और पर्यावरण बचाने में एनएसएस स्वयंसेवकों की भूमिका थीम को समर्पित रहा। शिविर के पहले दिन के प्रथम सत्र में प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह व सरपंच सरोजबाला ने स्वयंसेविकाओं को देश की जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रोत्साहित किया। शिविर के प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में एमडीयू रोहतक के भूगोल विभाग के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डा. महताब सिंह राणा ने शिविरार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के साथ जल संरक्षण का संदेश दिया। दोपहर के सत्र में प्रतिभागियों के लिए बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बीए द्वितीय वर्ष की अनुराधा व बीकॉम तृतीय वर्ष की खुशी ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान, बीए ज्योग्राफी ऑनर्स द्वितीय वर्ष की स्वाति व बीए द्वितीय वर्ष की शिवानी ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान तथा बीए ज्योग्रफी ऑनर्स द्वितीय वर्ष की खुशी व बीए द्वितीय वर्ष की तन्नू ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया।



सोनीपत। शिविर के दौरान उपस्थित कॉलेज की छात्राएं साथ में ग्रामीण एवं स्कूल के बच्चे।



सोनीपत। गढ़ी ब्राह्मणान के पास महलाना रोड पर बैठकर रोष जताते जिला पार्षद संजय बड़वासनी व लोग। *फोटो : हरिभूमि*

### प्रशासन को शिकायत करने पर भी दुरुस्त नहीं हो रही खस्ताहाल सड़कें

**सोनीपत।** गढ़ी ब्राह्मणान के पास महलाना रोड पर बने बड़े गड्ढे को लेकर जिला पार्षद संजय बड़वासनी ने सड़क पर बैठकर समर्थकों के साथ अनोखा प्रदर्शन किया। इस दौरान स्थानीय लोगों व राहगीरों ने खस्ताहाल सड़क को लेकर लोक निर्माण विभाग के खिलाफ नाराजगी जताई। लोगों ने बताया कि महलाना रोड काफी समय से खस्ताहाल हो चुका है। ऐसे में राहगीरों व वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी झेलनी पड़ रही है। जिला पार्षद एवं कांग्रेस के जिला उपप्रधान संजय बड़वासनी, संदीप, कुलदीप, राजबीर, सुरेंद्र, रघुवीर, जगविंद्र, सुरेश, प्रवीण, अमित ने बताया कि खस्ताहाल महलाना रोड पर आए दिन दुर्घटनाएं होने से वाहन चालक चोटिल हो रहे हैं। अनदेखी के कारण सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि गोहाना रोड पर कई जगह सीवर के ढक्कन तक नहीं लगे हुए। कोर्ट रोड की दशा खराब होने से लोगों को आवागमन में तकलीफ उठानी पड़ रही है।



### शीतला माता की पूजा कर सुख-शांति की कामना

खरखौदा। बिधलान गांव स्थित शीतला माता मंदिर में मंगलवार को वार्षिक मेला आयोजित किया गया। शीतला माता के प्रति गहरी आस्था होने के कारण मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं ने मंदिर में माता की पूजा अर्चना कर परिवार के लिए सुख-शांति की कामना की। बिधलान गांव में सैकड़ों वर्ष पुराना माता शीतला का मंदिर है। वैसे तो मंदिर में प्रतिदिन श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचते हैं। हर साल होली के 7 दिन बाद चैत्र मास की सप्तमी को हजारों श्रद्धालु माता को बासी भोजन का भोग लगाने के लिए आते हैं। मंदिरों में भक्तों द्वारा लाए गए बासी भोजन को पुजारियों द्वारा माता को अर्पित किया जाता है। श्रद्धालुओं द्वारा इस दिन परिवार की सुख शांति के लिए तालाब से मिट्टी निकाली जाती है।

### रामलीला मैदान में लगा भक्तों का तांता, माता के जयकारों से गुंजायमान हुआ वातावरण

## शीतला माता के मंदिर में उमड़ी आस्था, पूजा अर्चना का दिनभर चला दौर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

कामी रोड स्थित रामलीला मैदान परिसर में मंगलवार को श्री रामलीला सभा की ओर से शीतला माता का मेला लगाया गया। मेले की शुरुआत शीतला माता की आरती के साथ की गई। मेले में पहुंचे श्रद्धालुओं ने लाइनों में लगकर शीतला माता की पूजा-अर्चना कर मेले में खरीदारी की। श्री रामलीला सभा की ओर से मेले में आए श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न व्यवस्थाएं की गई। शीतला माता का दरबार फूलों से सजाया गया।

रामलीला मैदान में शीतला माता मेले की शुरुआत अलसुबह 4:30 बजे माता की आरती के साथ की गई। इसके बाद दिनभर पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालु का आवागमन लगा रहा। श्रद्धालु आरती में शामिल होने व पूजा-अर्चना के लिए रात 2 बजे से ही लाइनों में लगने लगे थे। प्रधान महेंद्र मंगला ने बताया कि यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है। मेले में शीतला माता के दर्शन व पूजा-अर्चना के लिए जिलेभर के हजारों श्रद्धालु श्रद्धा भाव से शामिल होते हैं। श्रद्धालु शीतला माता की पूजा-अर्चना कर सुख-शांति व समृद्धि की कामना करते हैं। श्री रामलीला सभा के सभी सदस्यों ने मिलकर मेले की व्यवस्था को संभालने में सहयोग किया। श्रद्धालुओं ने कतार में लगकर शीतला माता की पूजा की। श्रद्धालुओं के लिए भंडारा लगाया गया। मेले में बच्चों के साथ श्रद्धालुओं ने भी जमकर खरीदारी की। पंडित अमित शौनक ने बताया कि श्री रामलीला सभा की ओर से शीतला माता के दर्शन व प्रसाद चढ़ाने के लिए पुख्ता प्रबंध किए हैं। रामलीला मैदान परिसर में पूजन स्थल के आसपास ग्रिल लगवाई गई, ताकि श्रद्धालु एक बार प्रवेश कर दर्शन करने के बाद सीधा बाहर निकल सके। पूजन स्थल के पास मेला लगाया गया। साथ ही पार्किंग की व्यवस्था की गई। सभा के सदस्यों ने स्वयंसेवकों के रूप में मेले की व्यवस्था को संभाल अपनी जिम्मेदारी निभाई। इस दौरान अमित कुच्छल, राजकुमार गोयल, प्रवीण गोयल, मनीष कुच्छल, दिनेश कुच्छल, गजेंद्र मंगला, प्रमोद गुप्ता, महताब खत्री, वीरेंद्र कटारिया, विजय गौतम, आनंद कुच्छल मौजूद रहे।



सोनीपत के कामी रोड स्थित रामलीला मैदान में शीतला माता की पूजा-अर्चना कर प्रसाद चढ़ाते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### सिद्धपीठ प्राचीन श्री चंडी महाकाली मंदिर में दिखी श्रद्धा

**सोनीपत।** चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की सप्तमी तिथि पर सिद्धपीठ प्राचीन श्री चंडी महाकाली मंदिर समिति ने मंदिर परिसर में मंगलवार को शीली सत्ते बसोड़ा मेला एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने मां शीतला व महाकाली की पूजा-अर्चना प्रसाद वितरित किया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की गहरी श्रद्धा व सहयोग देखने को मिला। मंदिर परिसर में महाकाली माता के दरबार को विशेष फूलों से सजाकर माता रानी का श्रृंगार किया गया। पूजा-अर्चना के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक प्रबंध किए गए। मंदिर समिति के प्रधान देवेंद्र कुच्छल व पंडित हनुमान प्रसाद पाठक ने बताया कि सप्तमी तिथि के दिन शीतला माता की पूजा-अर्चना का प्रावधान है, इसलिए श्रद्धालुओं ने मंदिर में पूजन कर बासी भोजन (ठंडा खाना) ग्रहण किया।



सिद्धपीठ प्राचीन श्री चंडी महाकाली मंदिर में सजाया गया माता रानी का दरबार।



### हरे कृष्णा-हरे राम के संकीर्तन से गूंजा पंडाल

**सोनीपत।** गुड़मंडी स्थित अग्रवाल धर्मशाला में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस पर श्रद्धालु भक्ति भाव में सराबोर नजर आए। कथा व्यास श्रील भक्ति प्रसाद विष्णु गोस्वामी महाराज ने अपनी अमृतमयी वाणी से भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। कथा के दौरान महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का विस्तार से वर्णन करते हुए माखन चोर लीला, दामोदर लीला, कालिया नाग मर्दन और गोवर्धन पर्वत धारण करने की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण की ये लीलाएं केवल मनोरंजक ही नहीं, बल्कि मानव जीवन को धर्म और भक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा भी देती हैं। महाराज ने कहा कि भगवान के प्रति सच्ची और एकनिष्ठ भक्ति से ही जीवन को सही दिशा मिलती है। इस दौरान पूरे परिसर में हरे कृष्ण-हरे राम के संकीर्तन की ध्वनि गूंजती रही, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया।

## खबर संक्षेप

### अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

**सोनीपत।** जिले के थाना कुंडली पुलिस ने अवैध हथियार रखने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान अर्जुन निवासी भैसरू कलां जिला रोहतक हाल किरायेदार टीकाराम कॉलोनी कुंडली के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार 9 मार्च 2026 को थाना कुंडली में तैनात मुख्य सिपाही विकास अपनी टीम के साथ गश्त और जांच के दौरान प्याऊ मनियारी मोड़ जीटी रोड पर मौजूद थे। इसी दौरान सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई।

### सामान चोरी करने के मामले में आरोपी काबू

**सोनीपत।** जिले के थाना कुंडली पुलिस ने घर से सामान चोरी करने की घटना में संलिप्त एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान शिवम निवासी टीडीआई टस्कन सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। पुलिस के अनुसार 9 मार्च 2026 को मंजीत पुत्र जोगिंद्र निवासी गांव सांदल कलां जिला सोनीपत ने थाना कुंडली में शिकायत दी थी। शिकायत में बताया गया कि उसने और प्रवीन कुमार दो फ्लैट किराये पर ले रखे हैं। दोनों होली के अवसर पर अपने घर चले गए थे। वापस लौटने पर सामान चोरी मिला।

विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से जारी किया गया शेड्यूल

# बालवाटिका-3 से कक्षा 5वीं तक की वार्षिक परीक्षा 16 से 25 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

• *जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय प्रबंधकों को दिए आवश्यक निर्देश, कक्षा तीसरी तक निपुण दक्षताओं और कक्षा 5वीं तक एससीईआरटी की ओर से बनाए गए प्रश्न पत्रों पर आधारित रहेगी परीक्षा।*

विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से बालवाटिका-3 से कक्षा 5वीं तक वार्षिक परीक्षाओं का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। इस वर्ष कक्षा 5वीं तक की परीक्षाएं 16 मार्च सोमवार से प्रारंभ होकर 25 मार्च बुधवार तक आयोजित की जाएंगी। शिक्षा अधिकारियों ने बताया कि वार्षिक परीक्षाओं की सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। वार्षिक परीक्षाओं का समय शेड्यूल के अनुसार ही रहेगा। वहीं मौलिक शिक्षा अधिकारी ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र व विद्यालय प्रबंधकों को अपने स्कूलों में परीक्षा को लेकर संबंधित दिशा-निर्देश दिए हैं। वार्षिक परीक्षाएं निपुण दक्षता पर आधारित मौखिक व लिखित दोनों माध्यमों से ली जाएगी। बालवाटिका-3 से कक्षा तीसरी तक की परीक्षा निपुण दक्षता पर आधारित रहेगी। वहीं कक्षा चौथी व 5वीं की परीक्षा राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) की ओर से बनाए गए प्रश्न-पत्रों पर आधारित होगी। मौखिक परीक्षा विद्यार्थियों के सुनने, बोलने व पढ़ने के कौशल का परीक्षण करेगी। वहीं लिखित परीक्षा श्रुतलेख, लेखन कौशल व एक कक्षा आधारित दक्षता का परीक्षण करेगी। परीक्षाओं के आयोजन को लेकर विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए गए हैं।


**सोनीपत।** सेक्टर-15 स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करते विद्यार्थी।

### परीक्षा संबंधी यह रहेंगे दिशा-निर्देश

- ▶▶ बालवाटिका-3 के लिए केवल मौखिक परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी।
- ▶▶ कक्षा पहली से तीसरी के लिए मौखिक व लिखित दोनों माध्यम पर आधारित रहेगी।
- ▶▶ शिक्षकों को कक्षा पहली से तीसरी के आंकलन का रिकॉर्ड निपुण हरियाणा टीचर एप पर अपलोड करना अनिवार्य रहेगा।
- ▶▶ कक्षा चौथी व 5वीं के लिए लिखित परीक्षा अंग्रेजी, हिंदी, गणित व ईवीएस विषय की पेन-पेपर आधारित होगी।
- ▶▶ जिन विद्यालयों में बोर्ड परीक्षा के केंद्र बनाए गए हैं, वह स्कूल प्रबंधन परीक्षा समय में बदलाव कर सकेंगे।

### ये रहेगी डेटशीट

**बालवाटिका-3** : 16 व 17 मार्च को दो दिन हिंदी व अंग्रेजी विषय की मौखिक परीक्षा होगी।

**कक्षा पहली** : 16 मार्च को अंग्रेजी लेखन, 17 मार्च को अंग्रेजी मौखिक, 18 मार्च गणित लेखन, 19 मार्च को गणित मौखिक, 20 मार्च को हिंदी लेखन, 24 मार्च को हिंदी मौखिक की परीक्षा होगी।

**कक्षा दूसरी** : 16 मार्च को गणित लेखन, 17 मार्च को गणित मौखिक, 18 मार्च को हिंदी लेखन, 19 मार्च को हिंदी मौखिक, 20 मार्च को अंग्रेजी लेखन, 24 मार्च को अंग्रेजी मौखिक की परीक्षा होगी।

**कक्षा तीसरी** : 16 मार्च को हिंदी लेखन, 17 मार्च को हिंदी मौखिक, 18 मार्च को अंग्रेजी लेखन, 19 मार्च को अंग्रेजी मौखिक, 20 मार्च गणित लेखन, 24 मार्च को गणित मौखिक व 25 मार्च को ईवीएस की परीक्षा होगी।

**कक्षा चौथी** : 18 मार्च को गणित, 19 मार्च को अंग्रेजी, 20 मार्च को ईवीएस व 24 मार्च को हिंदी की परीक्षा होगी।

**कक्षा 5वीं** : 18 मार्च को अंग्रेजी 19 मार्च को हिंदी, 20 मार्च को गणित व 24 मार्च को ईवीएस की परीक्षा होगी।

## खबर संक्षेप



### यूपीएससी में चयनित निशु त्यागी को दी बधाई

**गन्नौर ।** गांव शाहपुर तगा निवासी निशु त्यागी द्वारा संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त करने पर त्यागी समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष पुनीत राई ने उनके आवास पर पहुंच कर परिवारजनों को बधाई दीं। पुनीत राई ने निशु त्यागी के परिवार से मुलाकात कर उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और पवित्र ग्रंथ भगवद गीता भेंट कर शुभकामनाएं दीं। पुनीत त्यागी ने कहा कि निशु त्यागी ने प्रतिष्ठित क्षेत्र, समाज और परिवार का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से गांव और आसपास के क्षेत्र में गर्व और उत्साह का माहौल है। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। निशु त्यागी की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उन्होंने उम्मीद जताई कि निशु त्यागी आगे भी अपने कार्यों से समाज और देश की सेवा करेंगी। इस मौके पर भगवतदयाल कौशिक, राकेश कौशिक, प्रमोद त्यागी, विकास त्यागी, संजय त्यागी, दीपक त्यागी, प्रदीप त्यागी, मोनू त्यागी, अमरीश त्यागी आदि मौजूद थे ।



### दून स्कूल के छात्र निखिल ने जीता स्वर्ण पदक

**गोहाना।** कुरुक्षेत्र में सम्पन्न ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी बॉक्सिंग चैंपियनशिप में गोहाना-पानीपत मार्ग स्थित दून पब्लिक स्कूल के छात्र निखिल देशवाल विजेता बने। छात्र निखिल के मुक्के इस चैंपियनशिप में अपने सब प्रतिद्वंद्वियों पर भारी पड़े और उन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त करके स्वर्ण पदक जीत लिया। मंगलवार को स्कूल में छात्र का नागरिक अभिनंदन किया गया। छात्र निखिल ने ऑल इंडिया बॉक्सिंग चैंपियनशिप में अंडर-18 आयु वर्ग में अपने प्रतिद्वंद्वियों पर मुक्के बरसाए। मंगलवार को स्कूल में प्रबंधक राजेश कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित समारोह में छात्र निखिल देशवाल को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व प्रत्याशी एवं भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य प्रदीप सांगवान रहे। अध्यक्षता प्राचार्या ज्योति छाबड़ा ने की। प्रबंधक राजेश कुमार ने कहा कि निखिल देशवाल की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है।



### मानसी डागर की उपलब्धि गर्व का विषयः बंसल

**सोनीपत।** सोनीपत की बेटी मानसी डागर द्वारा संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा उत्तीर्ण कर 136वीं रैंक प्राप्त करने पर समाजसेवी अरुण बंसल उनके निवास स्थान पर पहुंचे और उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अरुण बंसल ने कहा कि मानसी डागर की यह उपलब्धि पूरे सोनीपत क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। अरुण बंसल ने मानसी डागर के माता-पिता एवं परिवार के सभी सदस्यों को भी इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दीं और कहा कि परिवार का सहयोग और संस्कार ही बच्चों को ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।




### बूस्टिंग स्टेशनों पर व्यवस्था चुस्त करने के निर्देश

**सोनीपत।** निवर्तमान मेयर राजीव जैन ने वाटर बूस्टिंग स्टेशनों का दौरा करते हुए नगर निगम अधिकारियों को कहा कि जिन ट्यूबवेल, मोटरों, ट्रांसफार्मर एवं जनरेटरों में खामियां हैं उन सभी बूस्टिंग स्टेशनों की व्यवस्था चुस्त दुरुस्त की जाए क्योंकि गर्मी का मौसम शुरू हो चुका हैं। राजीव जैन मुरथल स्थित वाटर वर्क्स पर पंहुचे और पाया कि सात में से तीन ट्यूबवेल ही चालू हालात में हैं, तीन ट्रांसफार्मर की खराबी के कारण चल नहीं पा रहे हैं और एक बोर में पानी का लेवल नीचे चला गया हैं। सदर बूस्टिंग स्टेशन पर जनरेटर की सर्विस हुए एक वर्ष हो गया है इसलिए तुरंत करवाई जाये।

### विकसित की जा रही दो अवैध कॉलोनियां ध्वस्त

**गोहाना।** जिला योजनाकार विभाग द्वारा मंगलवार को गोहाना में विकसित की जा रही दो अवैध कालोनियों को ध्वस्त कर दिया। ये कालोनियां राजस्व सम्पदा में एनएच-709 (गोहाना-पानीपत) व मिनी बाइपास पर 5.5 एकड़ पर विकसित की जा रही थी। विभाग ने कार्रवाई करते हुए 30 डीपीसी, सीवरेज सिस्टम तथा कच्चे रास्तों को जेसीबी मशीन से ध्वस्त कर दिया। जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) अजमेर सिंह ने बताया कि जिले में अवैध कॉलोनियों और निर्माणों को प्रारंभिक चरण में ही ध्वस्त करने के लिए उपायुक्त सुशील सारवान के निर्देशानुसार प्रशासन द्वारा सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को गोहाना की राजस्व सम्पदा में विकसित की जा रही उक्त दो अवैध कालोनियों को ध्वस्त कर दिया।

>> भगत फूल सिंह महिला विवि में संगोष्ठी आयोजित

## बहन सुभाषिनी को 23वीं पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि


**गोहाना।** संगोष्ठी को सम्बोधित करते कुलपति प्रो. सुदेश। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में मंगलवार को पद्मश्री बहन सुभाषिनी की 23वीं पुण्यतिथि पर सुभाषिनी देवी शोध पीठ द्वारा संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी अशिक्षा के कोहरे से महिला शिक्षा के सवेरे तक : सुभाषिनी देवी एक मशालवाहक विषय पर आधारित थी। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. सुदेश रहीं। प्रो. रवि भूषण, प्रो. सुषमा जोशी और डॉ. सुमन दलाल ने बतौर वक्ता अपने विचार प्रस्तुत किए। बहन सुभाषिनी को हवनपूर्व श्रद्धांजलि दी गई। उनकी पुत्री बहन कमला रानी व कुलपति प्रो.सुदेश ने बहन सुभाषिनी की समाधि स्थल पर पुष्पार्पित करके श्रद्धांजलि दी। कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि पद्मश्री बहन सुभाषिनी ने अपने पिता महान समाज सुधारक भगत फूल सिंह जी के आदर्शों को आगे बढ़ाते हुए नारी शिक्षा की ज्योति को निरंतर प्रज्वलित रखा। जिस समय समाज में महिलाओं की शिक्षा को लेकर अनेक सामाजिक बंधन और रूढियां थी उस समय बहन सुभाषिनी ने साहस, समर्पण और दृढ़ संकल्प के साथ महिला शिक्षा को नई दिशा देने का कार्य किया। प्रो. सुदेश ने कहा कि आज भक्त फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय उनके सपनों और संकल्पों का साकार रूप है, जो महिला शिक्षा और सशक्तिकरण के क्षेत्र में निरंतर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। संगोष्ठी में सुभाषिनी देवी शोध पीठ की निदेशक प्रो. डेजी नेहरा, प्रो. शकुंतला, बहन साहबकौर, शोधार्थियों और छात्राओं ने बहन सुभाषिनी के जीवन से प्रेरणा लेने और महिला शिक्षा को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## राहुल गांधी सुख-दुख के साथी : दीवान

### किसान की बेटी की शादी में पहुंचकर जीता दिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राजनीति में वादे करना और उन्हें निभाना दो अलग बातें होती हैं, लेकिन जननायक राहुल गांधी ने आज गोहाना के मदीना गांव पहुंचकर यह साबित कर दिया कि वे जो कहते हैं, उसे हर हाल में पूरा करते हैं। यह बात कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान ने राहुल गांधी के गोहाना के मदीना आगमन पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कही है। कमल दिवान ने कहा कि राहुल गांधी केवल एक नेता नहीं, बल्कि जनता के सुख-दुख के साथी हैं।

#### किसान के साथ रोपी थी धान की पौध



उन्होंने कहा कि तीन साल पहले जब राहुल गांधी ने किसान के साथ कीचड़ में उतरकर धान की पौध रोपी थी, तब उन्होंने किसान परिवार से एक आत्मीय रिश्ता जोड़ लिया था। आज जब उस किसान की बेटी की शादी का न्योता उन तक पहुंचा, तो उन्होंने प्रोटोकाल और व्यस्तताओं को दरकिनार कर खुद शादी में शिरकत करने का फैसला लिया। कमल दिवान ने जोर देकर कहा कि राहुल गांधी हर बात के पक्के हैं। उन्होंने किसान परिवार से वादा किया था कि वे उनके सुख-दुख में साथ खड़े रहेंगे और आज बेटी की शादी में पहुंचकर उन्होंने उस वादे को निभाया है। यह उनकी संवेदनशीलता और आम आदमी के प्रति उनके जुड़ाव को दर्शाता है। राहुल गांधी का यह अंदाज उन्हें अन्य नेताओं से अलग करता है। वे वीआईपी कल्चर से दूर, सीधे खेतों और घरों तक पहुंचते हैं। मदीना गांव में उनकी उपस्थिति से न केवल उस परिवार में खुशी का माहौल है, बल्कि पूरे इलाके के किसानों और कार्यकर्ताओं में एक नया जोश भर गया है।

### राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय आवासीय शिविर प्रारम्भ

**सोनीपत।** गेटवे कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय आवासीय शिविर प्रारम्भ हुआ। शिविर कार्यक्रम अधिकारी आशीष अग्रवाल के निर्देशन एवं देखरेख में आयोजित किया जा रहा है। शिविर के उद्घाटन सत्र की शुरुआत डीसीआरयूएसटी के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के अध्यक्ष प्रो. अनिल सिंधु द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रतिज्ञा दिलवाकर की गई। उन्होंने स्वयंसेवकों को समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को समझने और निस्वार्थ भाव से सेवा करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि का स्वागत डॉ. कर्नल अमिक गर्ग द्वारा किया गया। इस अवसर पर अजय कौशिक (विद्यार्थी कल्याण अधिष्ठाता) तथा डॉ. शिश पाल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।



### शिवा शिक्षा सदन में ओपन हाउसः द डॉन ऑफ़ लर्निंग कार्यक्रम का आयोजन

**सोनीपत।** शिवा शिक्षा सदन में नन्हे विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के लिए "आरंभ : द डॉन ऑफ़ लर्निंग" शीर्षक से एक विशेष ओपन हाउस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यालय की प्राचार्या पूजा बहल ने सभी अभिभावकों एवं नन्हे विद्यार्थियों का हार्दिक स्वागत किया। अपने संबोधन में उन्होंने अभिभावकों को सकारात्मक संदेश देते हुए बच्चों के भविष्य को सुरक्षित हाथों में बताया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की गतिविधियों पर आधारित एक ऑडियो-विजुअल प्रस्तुति भी दिखाई गई, जिसमें शिवा शिक्षा सदन के शैक्षणिक वातावरण, आधुनिक शिक्षण पद्धतियों और विद्यार्थियों की उपलब्धियों की झलक प्रस्तुत की गई। विद्यालय के निदेशक अरुण बंसल ने अपने उद्बोधन में विद्यालय की 51 वर्षों की विरासत का उल्लेख किया। कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण आकर्षण कीनोट सत्र रहा, जिसमें प्रोफेसर यास्मीन ए. शिला और प्रोफेसर स्मृति पाठक ने अभिभावकों को आधुनिक मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण और नए युग की अभिभावक-शिक्षा साझेदारी पर मार्गदर्शन प्रदान किया। अंत में जूनियर स्कूल की उप-प्राथमिक प्रभारी अर्चना कमरा ने सभी का आभार किया।

## नागरिक अस्पताल में एक और रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति

### मरीजों को परेशानी का नहीं करना पड़ेगा सामना

**सोनीपत।** दिल्ली रोड स्थित नागरिक अस्पताल में मरीजों को अल्ट्रासाउंड के लिए बार-बार चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। फिलहाल अस्पताल में एक रेडियोलॉजिस्ट होने के कारण कई बार सभी मरीजों को अल्ट्रासाउंड की सुविधा नहीं मिल पाती है। ऐसे मरीजों को अल्ट्रासाउंड के लिए दोबारा अस्पताल आना पड़ता है। मरीजों की परेशानी को देखते हुए नागरिक अस्पताल में एक और चिकित्सक की नियुक्त की गई है। अब मरीजों को अल्ट्रासाउंड की सुविधा जल्द मिल सकेगी। कई बार चिकित्सक के कोर्ट एविडेंस पर जाने के चलते अल्ट्रासाउंड जांच प्रभावित



हो रही थी। इस वजह से मरीजों को परेशानी झेलते हुए दोबारा अस्पताल में अल्ट्रासाउंड कराने के लिए पहुंचना पड़ता था। अस्पताल में सितंबर 2021 में रेडियोलॉजिस्ट डॉ. रीटा गोयल का रोहतक तबादला हो गया था। अस्पताल के आरएमओ डॉ. मंजीत राठी ने बताया कि अब तक डॉ. धर्मेंद्र यादव ही केंद्र में अकेले अपनी सेवाएं दे रहे थे, अब डॉ. पूजा ने भी रेडियोलॉजिस्ट के रूप में पदभार संभाला है। फिलहाल वह 13 मार्च तक अवकाश पर है, इसके बाद अस्पताल में अपनी सेवाएं प्रारंभ करेंगी।

### ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी बॉक्सिंग में प्रताप स्कूल के प्रिंस ने जीता कांस्य पदक

**खरखौदा।** कुरूक्षेत्र में आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में प्रताप स्कूल के होनहार खिलाड़ी प्रिंस ने 85 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के खेल निदेशक और द्रोणाचार्य अवार्डी ओम प्रकाश दहिया, प्राचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सुबोध दहिया, बॉक्सिंग कोच नवीन व पिंकू ने प्रिंस को बधाई दी। इस अवसर पर द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया ने कहा कि प्रिंस की इस सफलता के पीछे उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण है। एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया ने कहा कि खेल विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन और नेतृत्व की भावना विकसित करते हैं।।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9253681005, 9253681010

**चर्चा** मंत्री ने लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में प्रशासन और विभिन्न विभागों के साथ की बैठक

## भविष्य के गोहाना का खाका खींचेगी रैली : अरविंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि 29 मार्च को गोहाना की नई सब्जी मंडी में होने वाली गोहाना विधानसभा धन्यवाद एवं विकास रैली भविष्य के गोहाना का खाका खींचेगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आगामी दशकों की जरूरत के अनुरूप विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। इन सौगातों से न केवल इलाके के लोगों के सामाजिक, आर्थिक मजबूती मिलेगी, बल्कि उनका सम्मान भी बढ़ जाएगा।

मंगलवार को कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने बड़ौता बाइपास स्थित लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ रैली की तैयारियों और विधानसभा की विकास परियोजनाओं को लेकर मंथन बैठक की। मंत्री ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन की सहूलियत को बढाने, उनके सामाजिक-आर्थिक स्तर एवं मान-सम्मान में बढोतरी के अनुकूल विकास परियोजनाओं के प्रस्ताव तैयार किए जाएं और एक सप्ताह के अंदर निर्देशित विकास परियोजनाओं की फिजिबलिटी तैयार करें, ताकि उनके बारे में प्रदेश सरकार से समय रहते मंजूरी प्राप्त की जा सके। इस अवसर पर जिला नगर आयुक्त हर्षित कुमार, एसडीएम अंजलि श्रोतिय, डीसीपी भारती डबास, एसडीएम खरखौदा निर्मल नागर, एमडी शुगर मिल आहुलाना अंकिता वर्मा, एमडी शुगर मिल सोनीपत संजय कुमार एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।


**गोहाना।** बैठक में अधिकारियों के साथ बातचीत करते हुए मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा।

### उपायुक्त ने रैली स्थल का किया दौरा

**गोहाना।** 29 मार्च को गोहाना की नई सब्जी मंडी में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी धन्यवाद एवं विकास रैली को संबोधित करेंगे। इस रैली को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। मंगलवार को उपायुक्त सुशील सारवान ने रैली स्थल का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि रैली के सफल आयोजन के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और निर्धारित समय सीमा में सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएं। कार्यक्रम स्थल पर पेयजल, बैठने की व्यवस्था, मंच व्यवस्था, एलईडी स्क्रीन, पार्किंग, सुरक्षा, स्वच्छता तथा यातायात प्रबंधन सहित सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से सुनिश्चित की जाएं ताकि आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिला उपायुक्त ने कहा कि रैली स्थल पर साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए और आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। उपायुक्त ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था भी पुख्ता रखी जाएगी तथा यातायात व्यवस्था को भी सुव्यवस्थित किया जाएगा। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त हर्षित कुमार, एसडीएम अंजली श्रोत्रिय, एसडीएम निर्मल नागर, शुगर मिल सोनीपत एमडी संजय कुमार, शुगर मील गोहाना एमडी अंकिता वर्मा, डीसीपी भारती डबास व अधिकारी मौजूद रहे।

### कहासुनी के बाद पत्नी हुई लापता, मामला दर्ज

**गन्नौर।** दात्तौली स्थित गांधी कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी के लापता होने की शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांधी कॉलोनी निवासी हरिओम पुत्र सुरेंद्र ने बताया कि उसके तीन बच्चे हैं और उसकी पत्नी सुजाता के साथ 9 मार्च की शाम किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इसके बाद वह दूध लेने के लिए दुकान पर चला गया। जब वह कुछ देर बाद वापस घर लौटा तो उसकी पत्नी घर पर नहीं मिली। परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ करने के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग पाया। हरिओम ने बताया कि उसकी पत्नी बिना किसी को कुछ बताए घर से कहीं चली गई है। काफी तलाश करने के बाद भी जब उसका कोई पता नहीं चला तो उसके बाद पुलिस में मामला दर्ज करवाया।